लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 659

उत्तर देने की तारीख : 25.07.2024

केरल में एमएसएमई इकाइयां

659. श्री शफी परम्बिल :

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केरल में कुल कितनी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) इकाइयां पंजीकृत हैं ;

(ख) केरल में अब तक कितनी एमएसएमई इकाइयों ने मुद्रा ऋण योजना का लाभ उठाया है;

(ग) वर्ष 2021 और 2024 के बीच की वधि के दौरान इकाइयों के बीच प्रौद्योगिकी अनुकूलन को बढ़ावा देने के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा केरल में कुल कितने कौशल निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम योजित किए गए;

(घ) वर्ष 2021 और 2024 के बीच की अवधि के दौरान केरल के कन्नूर और कालीकट जिलों में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास संस्थान (एमएसएमईडीआई) द्वारा कुल कितने प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए ; और

(ङ) उक्त अवधि के दौरान कन्नूर और कालीकट जिलों में एमएसएमई-डीआई द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कितने प्रशिक्षुओं ने भाग लिया ?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री

(श्री जीतन राम मांझी)

(क) दिनांक 22.07.2024 की स्थिति के अनुसार, उदयम पंजीकरण पोर्टल पर केरल से पंजीकृत एमएसएमई (उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों सहित) की कुल संख्या 11,52,001 थी।

(ख) जून 2024 की स्थिति के अनुसार, प्रधान मंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत योजना की शुरुआत से कुल 48.78 करोड़ ऋण दिए गए हैं, जिनमें से केरल राज्य को 1.56 करोड़ ऋण दिए गए हैं।

(ग) वर्ष 2021 से 2024 के बीच की अवधि के दौरान इकाइयों में प्रौद्योगिकी अनुकूलन के संवर्धन हेतु एमएसएमई मंत्रालय ने केरल में 217 कौशल निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया है।

(घ) और (ङ) वर्ष 2021 से 2024 की अवधि के दौरान एमएसएमई विकास कार्यालय (एमएसएमई-डीएफओ) त्रिशूर द्वारा केरल के कन्नूर और कालीकट जिलों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की कुल संख्या और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रशिक्षुओं की कुल संख्या निम्नलिखित है।

जिला	आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की संख्या	भाग लेने वाले प्रशिक्षुओं की संख्या
कन्नूर	8	1,303
कालीकट	9	1,282

***